एक नजर में

सुबह अयोध्या बस्ती से लापता हुए तीन नाबालिग बालक, पुलिस ने देर रात रेलवे स्टेशन के पास दस्तयाब किया

पिपलियामण्डी। नगर के अयोध्या बस्ती क्षेत्र से रविवार सुबह रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हुए तीन नाबालिग बालकों को पुलिस ने देर रात को सकुशल दस्तयाब कर लिया। बालकों की उम्र क्रमश: 10, 12 और 15 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में बच्चों ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि वे परिजनों की डांट-फटकार और मारपीट से तंग आकर घर छोड़कर चले गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह जब तीनों बालक अपने घरों से लापता हो गए तो परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में बच्चों को ढूंढा, लेकिन देर शाम तक उनका कोई सुराग नहीं लगा। अंतत: परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और एक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के आधार पर बच्चों को आसपास के इलाके में देखे जाने की पुष्टि हुई थी। इसी के आधार पर टीम ने तलाशी अभियान तेज किया और अंतत: रविवार रात्रि लगभग 11 बजे तीनों बालकों को रेलवे स्टेशन के समीप दस्तयाब कर लिया गया।पूछताछ में बालकों ने बताया कि वे परिजनों से डर के कारण घर छोड़कर निकल गए थे। पुलिस ने बच्चों के परिजनों को सूचित कर दिया है और आगे की जांच जारी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को भी सूचना दी जा सकती है।

सीमा के वीरों के नाम बहनों का प्रेम और नन्हें हाथों की राखियाँ

मंदसौर। रक्षाबंधन पर्व पर सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों के सम्मान में एक अनोखी पहल करते हुए क्षेत्र के शासकीय एवं निजी विद्यालयों की बालिकाओं ने अपने हाथों से स्नेह और शुभकामनाओं से भरी राखियाँ बनाकर भेजीं। इस सराहनीय कार्य का नेतृत्व पूर्व सैनिक रामनारायण गुर्जर ने किया।

यह जानकारी देते हुए पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने बताया कि इस अभियान में शासकीय माध्यमिक विद्यालय भूनिया खेड़ीए शासकीय विद्यालय लालघाटीए शासकीय विद्यालय सिंदपनए शासकीय विद्यालय दोरवाड़ा एवं वात्सल्य पब्लिक स्कूल के छात्र .छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालिकाओं ने प्रेमपूर्वक राखियाँ सजाई और सैनिक भाइयों के लिए शुभकामना संदेशों सहित भेजीं। यह पहल न केवल सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने वाली हैए बल्कि समाज में राष्ट्रभक्ति और कृतज्ञता की भावना को भी प्रज्वलित करती है।

वैज्ञानिक खेती का समय, यूरिया-डीएपी की जगह अब करें वैकल्पिक खादों का उपयोग : कुमठ

पिपलियामण्डी। आज के दौर में जब खेती की लागत बढ़ती जा रही है और भूमि की उर्वरा शक्ति घटती जा रही है, ऐसे समय में किसानों के लिए पारंपरिक तरीके छोड़कर वैज्ञानिक खेती की ओर बढ़ना बेहद जरूरी हो गया है। इसी दिशा में ग्राम नंदावता में वैकल्पिक खाद कितनी लाभकारी विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रतिष्ठित उर्वरक उत्पादक अरिहंत फॉस्फेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अशोक कुमठ ने किसानों को वैज्ञानिक खेती की उपयोगिता, यूरिया-डीएपी के दुष्प्रभाव और उनके बेहतर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। कुमठ ने कहा कि हमारे देश में किसान बरसों से परंपरागत तरीके से यूरिया और डीएपी खाद का उपयोग करते आ रहे हैं। यह आदत अब भी बनी हुई है, भले ही आज इन खादों की आपूर्ति में दिक्कत हो रही हो या भूमि पर उनके दुष्प्रभाव साफ नजर आ रहे हों। कुमठ ने बताया यूरिया का अंधाधुंध उपयोग करने का कारण, उसका सस्ता होना है। सरकार की ओर से दी जा रही भारी सब्सिडी के कारण आज यूरिया की एक बोरी का मूल्य 270 ही है।

डीएपी का संकट और उसके विकल्प

डीएपी यानी डाई-अमोनियम फास्फेट भारत में अत्यधिक उपयोग में आने वाली खाद है। इसमें 18 प्रतिशत नाइट्रोजन और 46 प्रतिशत फास्फेट होता है। लेकिन देश में इसकी खपत लगभग 100 लाख टन है, जबकि हम केवल 50 लाख टन का ही उत्पादन कर पाते हैं। बाकी आधी मांग के लिए हम विदेशों से आयात पर निर्भर हैं। फिलहाल वैश्विक स्तर पर डीएपी के दाम काफी बढ़ गए हैं, और मुख्य निर्यातक देश चीन की नीतियों के कारण भारत में इसकी आपूर्ति भी बाधित हो रही है। नतीजतन देश में डीएपी की भारी किल्लत पैदा हो गई है, जिससे किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही।

श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति के आवेदन 20 अगस्त तक आमंत्रित

मंदसौर। म.प्र. स्लेट पेन्सिल कर्मकार - कल्याण मण्डल सचिव ने बताया कि म.प्र. स्लेट पेन्सिल कर्मकार कल्याण मण्डल, मंदसौर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष 2025-26 हेतु मंदसौर जिले के स्लेट पेन्सिल उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ति/विधवा सहायता प्राप्त महिलाओं एवं सिलिकोसिस बीमारी से मृत श्रमिकों के नियमित अध्ययनरत को मण्डल से अध्ययन हेतु प्रदाय की जाने वाली छात्रवृत्ति के आवेदन-पत्र मण्डल कार्यालय से कार्यालयीन समय में 1 जुलाईसे 20 अगस्त 2025 तक की अवधि में वितरित किये जावेंगे तथा उक्त अवधि में ही भरे हुए आवेदन पत्र भी जमा किये जावेंगे। छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति के आवेदन-पत्र निर्धारित दस्तावेजों सहित पूर्ण कर पालकगण 20 अगस्त तक मण्डल कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करावें ।

आपत्ती/ अभिमत 13 अगस्त तक प्रस्तुत करें

मंदसौर। मंदसौर तहसीलदार ने बताया कि औद्योगिक नीति एवं निवेश विभाग भोपाल द्वारा ग्राम भून्याखेड़ी स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 100 रकबा 11.710 हेक्टेयर मे से रकबा 4.00 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 180 रकबा 0.170 हेक्टेयर मे से रकबा 0.170 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 182 रकबा 2.880 हेक्टेयर मे से रकबा 2.880 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 183/1 रकबा 5.210 हेक्टेयर मे से रकबा 3.00 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 183/3 रकबा 1.700 हेक्टेयर मे से रकबा 0.1700 हेक्टेयर कुल रकबा 21.67 हेक्टेयर मे से कुल रकबा 11.750 हेक्टेयर औद्योगिक नीति एवं निवेश विभाग भोपाल द्वारा भूमि आबंटित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। औद्योगिक नीति एवं निवेश विभाग भोपाल को ग्राम भून्याखेड़ी स्थित शासकीय भूमि आवन्टन के लिए अभिमत 13 अगस्त 2025 तक प्रस्तुत कर सकता है।

कृषि उपज मंडी पिपलिया में लहसुन के दामों में उछाल

पिपलियामण्डी। कृषि उपज मंडी पिपलिया में सोमवार को जिंसों के भाव में हलचल देखने को मिली। जहां लहसुन ने अधिकतम 10,000 प्रति क्विंटल तक पहुंचकर किसानों को राहत दी, वहीं गेहूं, चना और सोयाबीन प्रमुख जिंसों के दाम अपेक्षाकृत स्थिर बने रहे।

अकादमी पिपलियामंडी ने की शानदार जीत दर्ज, नीमच क्रिकेट अकादमी मंदसौर को 7 विकेट से हराया

नवभारत न्यूज

पिपलियामण्डी। स्थानीय मैदान पर सोमवार को खेले गए 30 ओवर के रोमांचक मुकाबले में वी 27 क्रिकेट अकादमी पिपलिया ंडी ने नीमच क्रिकेट अकादमी मंदसौर को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में वी 27 क्रिकेट अकादमी पिपलियामंडी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर नीमच की पूरी टीम मात्र 98 रन पर ऑल आउट हो गई। वी 27 की ओर से धर्मेश तिवारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए, वहीं वैभव माली और उदित ने 2-2 विकेट लिए। तनिष्क परिहार, राजवीर और दीपेश गुर्जर को 1-1 सफलता मिली। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वी 27 की टीम ने 98 रन का स्कोर केवल 3 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। बल्लेबाजों में वैभव माली ने 38 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जयदीप राठौर ने 25 और अर्नव अग्रवाल ने 12 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। मैच की जानकारी वी 27 क्रिकेट अकादमी के कोच विनय नेकाड़ी ने दी।

खात्याखेड़ी से शुरू हुई कावड़ यात्रा पिपलिया पहुंची, नगर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

पिपलियामण्डी। सावन माह में शिवभक्ति का जोश चरम पर है। सावन के अंतिम सोमवार को ग्राम खात्याखेड़ी स्थित सदाशिव महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा भव्य रूप में पिपलियामंडी नगर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का अद्भुत समागम देखने को मिला। कावड़ यात्रा जैसे ही नगर सीमा में प्रवेश कर मनासा मार्ग, अयोध्या बस्ती और सब्जी मंडी क्षेत्र से होकर गुजरी, वहां स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। दोपहर में यात्रा महावीरगंज स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां कांवड़ियों ने पूरे विधि-विधान से जलाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन किया। यात्रा में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भागीदारी भी विशेष रही। महिलाएं पूरे मार्ग में भक्ति गीतों पर नृत्य करती चल रही थीं, जिससे यात्रा में विशेष उत्साह का संचार हुआ।

एक नजर श्रृंखला में विभिन्न वार्डो में निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया

नगर परिषद गरोठ के सफलतम तीन वर्ष पूर्ण होने पर नगर में विकास कार्यों की

गरोठ। नगर परिषद गरोठ के सफलतम 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे महाराणा प्रताप उद्यान के पास चाट चौपाटी पर नगर में विकास कार्यों की श्रृंखला में वार्ड क्रमांक 5 की विभिन्न गलियों में सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य लागत 47.95 लाख, वार्ड क्रमांक 6 दिनेश भाटी के मकान से बगदीराम बागरी के मकान तक सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य लागत 17.74 लाख, वार्ड क्रमांक 8 में दो मंदिर मिडिल स्कूल होते हुए अनुराग मांदलिया के मकान से सत्यनारायण के मकान तक सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य लागत 18.09 लाख, वार्ड क्रमांक 6 में आमजन विश्राम स्थल निर्माण कार्य लागत 4.88 लाख, वार्ड क्रमांक 6 में स्थित कुइया पर फवारा लागत 7.0 लाख का भूमिपूजन कार्य एवं महाराणा प्रताप उद्यान का सौन्दर्यकरण कार्य लागत 25 लाख का लोकार्पण कार्यक्रम एवं नमो उप वन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन में सांसद सुधीर गुप्ता, राजेश दीक्षित जिला अध्यक्ष भाजपा मंदसौर, चंदरसिंह सिसोदिया विधायक विधानसभा क्षेत्र गरोठ भानपुरा, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़, मदनलाल राठौड़ प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, राजेश सेठिया अध्यक्ष नगर परिषद गरोठ, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रणजीत सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

महाराणा प्रताप चौराहा के यहां

सभी बच्चों एवं महिलाओं के लिए पानी-पतासे के स्टाल निशुल्क स्टाल लगाए गए नगर वासियों ने इसका लुफ्त उठाया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश सेठिया ने कहा कि नगर के15 ही वार्डों में बिना भेद भाव के निरंतर करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए है कुछ पूरे हुए हैं कुछ प्रगति पर है। चाहे लाडली बहना योजना में सबसे ज्यादा फॉर्म यहां पर भरे है गरोठ सबसे आगे है चंपाबाई बावड़ी का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

नीमच

एक नजर में

जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 20 अगस्त को

नीमच। जिला पंचायत नीमच की साधारण सभा की बैठक का आयोजन 20 अगस्त 2025 को प्रात- 12.30 जिला पंचायत सभागृह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान की अध्यक्षता में किया जा रहा है। बैठक में स्वास्थ्य, विद्युत, कृषि, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम, लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि विभागों की समीक्षा की जावेगी। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने जिला पंचायत के सभी सदस्यों से इस बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है, साथ ही सभी जिला अधिकारियों को बैठक में विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

स्वतंत्रता दिवस फुटबाल स्पर्धा- ईगल क्लब की धमाकेदार जीत

नीमच। नगरपालिका परिषद, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से दशहरा मैदान परआयोजित स्वतंत्रता दिवस फुटबाल स्पर्धा के तीसरे दिन 04 अगस्त को दो रोमांचक मैच खेले गए! प्रथम मैच सिटी यूनियन व स्पोर्ट्स क्लब के बीच खेला गया! इस मैच के अंतिम क्षण में विवाद होने से मैच का निर्णय नहीं हो सका! वहीं दूसरा मैच यंग मैन व ईगल क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में ईगल क्लब ने यंग मैन को 5-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए डीएफए अध्यक्ष श्री रमेश थापा ने बताया कि प्रथम मैच में अतिथि के रूप में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री ईश्वर आहूजा, श्री गुरमुख दास डाडवानी, श्री आनंदराम तलरेजा, श्री पप्पू भाई मोटवानी,श्री महेश वरधानी तथा दूसरे मैच में पूर्व सैनिक परिषद के श्री चतर सिंह गहलोत, श्री भरत गेहलोत, श्री राजेंद्र गौड़,श्री सुनील बोराना, भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष श्री मदन लाल गुर्जर, भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष रमेश धनगर आदि ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कीया। मैच में निर्णायक के रूप में मोहम्मद रफीक हाशमी, ,राजेश निर्माण, पृथ्वी सिंह सोलंकी, मोहम्मद रईस, मोहम्मद हमिद अपनी सेवाएं प्रदान की! डीएफए अध्यक्ष रमेश थापा, डीएफए पदाधिकारी श्री सत्तार खान,श्री अनिल सुराह, राकेश अहीर, विमलेश अहीर मौजूद थे।

कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न

नीमच। अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर भादवा माता स्थित समाज की धर्मशाला में संपन्न हुआ प्रशिक्षण में राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सिं सिसोदिया प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण के प्रदेश प्रभारीमोहन सिंह जी तोमर गुंदलावदा चैन सिंह जी सुरजनी प्रदेश कोषाध्यक्ष बलवंतसिंह जी बोडाना आगर नारायण सिंह चौहान राजगढ़ आदि का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ शिविर में कार्यकर्ता का गुण और उसके दायित्व कार्यकर्ता का सामाजिक संगठन में महत्व समाज उत्थान में कार्यकर्ता की भागीदारी आदि विषयों पर मार्गदर्शन के साथ कैरियर मार्गदर्शन समाज चेतना दिवस समाज में कुप्रथा का समापन आदि विषयों पर बातचीत हुई .कार्यक्रम में प्रदेश सचिव मनोहरसिंहछायन इंदर सिंह गर्रावद नरेंद्रसिंह जी भांगी पिपलिया जिला अध्यक्ष मंदसौर करण सिंह चौहान हरपालसिंह चौहान आदि थे।

हम जैसा कर्म करेंगे वैसा ही फल हमें मिलेगा : रुद्र त्रिपाठी

7 दिवसीय शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं कार्यक्रम प्रवाहित

कार्यक्रम की श्रृंखला में सुबह 8 से 8-30 बजे तक वेद पाठ, 9 से 10 बजे तक हवन ,दोपहर 1 से 3 बजे शिव पुराण कथा, 3 से5बजे शिवलिंग पूजन अभिषेक, सोमवार पार्थिव पूजन अभिषेक,सवालाख महामृत्युंजय मंत्र जाप, काल सर्प पूजन हवन शांति सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।

नीमच। सारी सुख सुविधा होने के बाद भी आदमी संसार के मोह माया जाल में उलझा है। समाधान नहीं मिल रहा है सभी धर्म यह बता रहे है कि उसका समाधान सिर्फ परमात्मा की भक्ति है। मनुष्य जीवन मिला है। जैसा आपने बोया होगा वैसा ही पाओगे ।यह सब विधि के हाथ है ।संत तो जगाने के लिए आए हैं। सत्संग हमें जगाता है। गलत दिशा में जाने वाला व्यक्ति मंजिल पर नहीं पहुंच सकता ।भारत भूमि पर जन्म मिला है जीवन हारने से पहले हम जाग जाए और भक्ति तपस्या की ओर अग्रसर हो तो हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है। यह बात गुरुदेव रुद्रदेव जी त्रिपाठी (जावद वाले) ने कहीं ।वे श्री हरि सत्संग मंडल एवं भक्तगण के तत्वाधान में गोमाबाई रोड स्थित लायन्स डेन सभागार में 26 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित 27 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम में बोल रहे थे ।रावण ब्राह्मण जाति से और बहुत विद्वान था विवेक की कमी थी। अंहकार के कारण उसका विनाश हो गया था। श्रीलंका में रावण से जब श्री राम ने युद्ध करना चाहा तो उसके पहले रामेश्वरम स्थापना की पूजा के लिए रावण को बुलाया गया था। अच्छे कर्म को सदैव भूल जाना चाहिए नेकी कर दरिया में डालना चाहिए।

पंख अभियान नीमच के तहत रोहित को मिला संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ

नीमच। जिले में बाछड़ा समुदाय के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में संचालित पंख अभियान नीमच के तहत जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाया जाकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है।पंख अभियान के तहत जिले की नीमच विकासखण्ड के ग्राम चल्दू निवासी युवक रोहित चौहान को आंत्योदय विभाग द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत 1.80 लाख रूपये का ऋण प्रदान किया गया है। यह ऋण राशि बैंक आफ बड़ोदा शाखा नीमच द्वारा प्रदान की गई है। संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत मिली ऋण राशि से रोहित चौहान को ग्राम चल्दू में किराना दुकान स्थापित कर वह प्रतिमाह 10 से 12 हजार रूपये की आमदनी प्राप्त कर रहा है। अब रोहित चौहान आत्मनिर्भर बन गया है। उसे अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना से काफी मदद मिली है। इसके लिए वह प्रदेश सरकार को धन्यवाद दे रहा हैं।

राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में चमके नीमच के खिलाड़ी

11 खिलाडियों ने जीते 4 स्वर्ण, 7 रजत एवं 5 कांस्य पदक

नीमच। मध्यप्रदेश एमेच्योर कराते एसोसिएशन द्वारा म.प्र. कराते चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन 1 से 3 अगस्त 2025 तक शाजापुर के गांधीहॉल में किया गया जिसमें नीमच जिला कराते ऐसोसिएशन, तेनशिनकान कराते एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी कोच मीरा थापा एंव प्रशिक्षक कृष्णा गोयल, जसप्रित सिंह एवं संस्कार शर्मा के निर्देशन में 11 खिलाडियों ने सहभागिता की। श्रीमती थापा ने बताया कि प्रतियोगिता में काफी कड़ा मुकाबला था जिसमें 28 जिलों के 400 से अधिक खिलाडियों ने विभिन्न आयुवर्ग एवं वजन वर्ग में काता एवं कुमिते मे भाग लिया , कुल 16 पदक (4 स्वर्ण, 7 रजत एवं 5 कांस्य पदक) प्राप्त कर नीमच जिले का नाम रोशन किया है साथ ही हमारे प्रशिक्षक कृष्णा गोयल ने कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया की काता एवं कुमिते विद्या की जज की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर एक और उपलब्धि नीमच जिले के लिए प्राप्त की है। संस्था के खिलाडियों एवं प्रशिक्षकों की इन उपलब्धियों पर राज्य कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वामित्र अवार्डी शिहान जयदेव शर्मा, सेक्रंटरी सेंसई परितोष शर्मा (विक्रम एवं विश्वामित्र अवार्डी) एवं नीमच जिला कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक अरोरा गंगानगर, उपाध्यक्ष दीपक थापा सहित, अश्फाक अहमद, पवन कुमरावत आदि थे।

एक नजर भक्तों द्वारा मन्दिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक पूजा अर्चना कर हवन में आहुतिया लगाई

झांतला शिवमन्दिर पर अंतिम सोमवार को जलाभिषेक करने उमड़े श्रद्धालु

सिंगोली। झांतला नई आबादी स्थित भगवान भोलेनाथ का चमत्कारित मन्दिर है। शिव मंदिर में विगत कई वर्षों से शिव मंदिर पर सावन माह व शिवरात्रि में विशेष धार्मिक आयोजन की रूप रेखा तैयार करने में झांतला विधुत मंडल के तत्कालीन एई एस .के.गुप्ता . भवरलाल शर्मा रिटायर्ड लाइन मैन , व वर्तमान लाइन मैन कैलाश चन्द्र शर्मा सहित समस्त बिजली विभाग में समस्त स्टाफ बढ़चढ़ कर भाग लेते है ।

बतादे की जब भी शिव मंदिर पर कोई भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होता तब बिजली विभाग में रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ डीई एस के गुप्ता का भी बड़ा योगदान रहता है। श्री गुप्ता की प्रेरणा से निरंतर शिव मंदिर पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन सम्पन्न हो रहे है ।

इसी कड़ी में 4 अगस्त सावन के अंतिम सोमवार को शिव मंदिर पर शिवभक्तों की भोलेनाथ के दर्शनार्थ व जलाभिषेक करने बड़ी संख्या में भीड़ लगी रही। सुबह से मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। भोलेनाथ मन्दिर प्रांगण में पंडित सुमन शर्मा द्वारा विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ में हवन-पूजन किया गया ।

सावन के आखरी सोमवार पर आयोजित भोलेनाथ का जलाभिषेक , पूजा अर्चना व हवन में आहुति में भाग लेने वाले प्रमुख सपत्नीक कैलाश चन्द्र परमार (विष्णु देवी) सपत्नीक भवरलाल शर्मा- गुलाबी देवी, राजेश कुमार- रेखा देवी सौलंकी, राधेश्याम- सरस्वती देवी धाकड़, सतीश कुमार -साधना देवी सैन व आंनद शर्मा द्वारा हवन पर पूजा अर्चना कर आहुतिया प्रदान की गयी।

विधायक निधि से 30 लाख रुपए स्वीकृत किए

सिंगोली। क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने विगत कुछ माह पहले सिंगोली के समिप हुई संतों के साथ मारपीट की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश में ही नहीं अपितु पुरे देश में एक मिशाल पेश करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र के तिलस्वां घाट से रतनगढ़ घाट के बिच तीन अलग-अलग स्थानों पर एक एक हजार स्क्वायर फीट के संत निवास बनवाने हेतु विधायक निधि से 30 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं।जिसकि घोषणा हाल ही में सिंगोली में आयोजित एक धार्मिक आयोजन में सार्वजनिक रूप से की। विधायक ओमप्रकाश सखलेचा की इस अद्भुत पहल की समाजजनों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। मिली विधायक ने तिलस्वां घाट के नीचे मालादेवी जाने वाले रास्ते के पास एक संत निवास दुसरा संत निवास पाटन गांव ओर झांतला चौराहे के बीच तथा तीसरा संत निवास उमर ओर रतनगढ़ ।